मोहनगढ़ क्षेत्र के शासकीय स्कूल भवनों की हालत जर्जर

आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों की स्थिति भी खराब

जर्जर भवनों में शिक्षा व पोषण लेने को मजबूर बच्चे

नवभारत न्यूज,
टीकमगढ़/मोहनगढ़।

जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र में शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग की घोर लापरवाही सामने आ रही है। मोहनगढ़ क्षेत्र के कई शासकीय विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर भवनों में आज भी संचालित हो रहे हैं। बरसात के मौसम में छत से प्लास्टर गिरने, सरिया बाहर निकलने और पानी टपकने जैसी स्थिति के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

दरअसल मोहनगढ़ और लिधोरा संकुल अतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला बिंदारी खास, शासकीय प्राथमिक शाला बहादुरपुरा, शासकीय माध्यमिक शाला बहादुरपुरा, शासकीय, शासकीय प्राथमिक शाला डिमरोला बरेठी,प्राथमिक शाला काँटी, शासकीय माध्यमिक शाला किले का मैदान मोहनगढ़, शासकीय प्राथमिक शाला जाखी मोहनगढ़, शासकीय हायर सेकेण्डरी मोहनगढ़, शासकीय प्राथमिक शाला नन्दनवारा एवं आँगनबाड़ी केंद्र 74 बिंदारी खास, आगनबाड़ी केंद्र कुम्हैड़ी की तस्वीरों में स्पष्ट देखा जा सकता है कि भवन की छत का बड़ा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जगह-जगह से प्लास्टर उखड़ गया है और लोहे की सरिया खुलकर दिखाई दे रही है। भवन की दीवारों और छत में नमी तथा दरारें साफ नजर आ रही हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि कई बार स्थानीय सहित जिले के अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन आज तक न तो वैकल्पिक भवन की व्यवस्था की गई और न ही जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण की दिशा में कोई प्रभावी पहल हुई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से मांग की है कि जर्जर भवनों में संचालित कक्षाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों को तत्काल सुरक्षित भवनों में स्थानांतरित किया जाए तथा नए भवनों के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए, ताकि मासूम बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शासकीय विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं। बरसात के मौसम में छत से प्लास्टर गिरने, सरिया बाहर निकलने और पानी टपकने जैसी स्थिति के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

समय रहते सुधार कराने की मांग

मोहनगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से मांग की है कि जर्जर भवनों में संचालित कक्षाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों को तत्काल सुरक्षित भवनों में स्थानांतरित किया जाए तथा नए भवनों के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए, ताकि मासूम बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से इस समस्या की ओर ध्यान देने का आग्रह किया है जिससे मोहनगढ़ क्षेत्र के जर्जर स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति में समय रहते सुधार हो सके ।

शहर को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने बैठक

नवभारत न्यूज
टीकमगढ़।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा शनिवार को नगर पालिका कार्यालय के सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रभावी एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करना रहा।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, नियमित कचरा संग्रहण तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में नगर पालिका प्रशासक अंजली शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने नगर में संचालित स्वच्छता कार्यों, कचरा संग्रहण व्यवस्था तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और जनसहभागिता को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

बैठक में नगर पालिका के सभी पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को सफल बनाने और अपने टीकमगढ़ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रभावी एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करना रहा।

दो महिलाओं ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़ । जिले के अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं के जहरीले पदार्थ का सेवन करने मामले सामने आए हैं दोनों महिलाओं का जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार यह दोनों मामले बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के बताए जा रहे हैं दोनों महिलाओं को पहले प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्देवगढ़ में भर्ती कराया गया जहां हालते में सुधार न होने के कारण उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

जिनमें एक महिला सुहागी गांव की बताई जा रही है वहीं दूसरी महिला लखेरी गांव में निवास करती है। दोनों महिलाओं के पुलिस ने कथन दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को जिला अस्पताल में अपनी देखरेख में भर्ती करा दिया है। जहां दोनों का उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक दोनों महिलाओंक हालत में सुधार बताया जा रहा है।

कोचिंग व्यवस्था के लिए मांगे आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शैक्षणिक सत्र के लिए जिले में संचालित शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट व महाविद्यालयीन छात्रा वासों में निवासरत विद्यार्थियों को कोचिंग उपलब्ध कराने योग्य शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास, भोपाल के निर्देशानुसार जिले के उत्कृष्ट बालक एवं कन्या छात्रावास टीकमगढ़, बल्देवगढ़, पलेरा एवं जतारा में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को अध्ययन कराने के लिए आवेदन मांगे हैं ।

मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर सवाल

नवभारत न्यूज

पलेरा। जनपद पंचायत पलेरा की ग्राम पंचायत जेवर के शासकीय माध्यमिक एकीकृत विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना और स्कूल परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर शिकायतें सामने आई हैं। विद्यालय के छात्र मयंक कुशवाहा और अयान खान ने टीकमगढ़ कलेक्टर को आवेदन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय में बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुरूप भोजन नहीं मिल रहा है। भोजन की गुणवत्ता और मात्रा को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

छात्रों और ग्रामीणों का कहना है कि मध्याह्न भोजन योजना में अनियमितताएं बरती जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों के पोषण पर असर पड़ रहा है। इधर, जेवर के शंकरजी खिरक स्थित शासकीय स्कूल परिसर में भी अव्यवस्थाओं का मामला सामने आया है। ग्रामीण दीनदयाल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि विद्यालय भवन और शौचालय के आसपास झाड़ियां उगी हुई हैं तथा साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है।

विद्युत कटौती से हलाकान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नगर में पिछले कई दिनों से लगातार वेसमय हो रही अनियमित बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली बार-बार गुल हो जाती है और कुछ देर बाद आती है, फिर दोबारा चली जाती है। इस वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इन दिनों उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। बिजली की आवाजाही से घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर जोर

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा। बिना कारण राशन देने से मना करना, कम तौल देना, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेना, राशन की कालाबाजारी करना या किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर राशन निकालना नियमों का उल्लंघन माना जाता है। राशन वितरण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल मशीन का उपयोग किया जाना चाहिए और हितग्राही को लेन-देन की रसीद उपलब्ध कराए।

मत्स्य शिकार प्रतिबंधित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश राज्य में मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

आज प्रारंभ होगी ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संस्था स्तरीय काउंसलिंग प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 12 अगस्त रविवार तक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 निर्धारित है।

पंजीकृत अभ्यर्थी 12 अगस्त 2026 के मध्य प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रात: 10.30 बजे समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज एवं उनकी छायाप्रतियों सहित शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, में उपस्थित होकर रिक्त सीटों के विरुद्ध संस्था स्तरीय काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

महाविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश उपलब्ध हैं। प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण है।

बीमारियों से बचाव के लिए चलाया जा रहा अभियान

नवभारत न्यूज
टीकमगढ़।

मानसून सत्र के दौरान जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड टीकमगढ़ द्वारा विशेष क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत हैडपंपों एवं कुओं सहित पेयजल स्त्रोतों का निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीनेशन किया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान दूषित जल से होने वाली बीमारियों जैसे हैजा, डायरिया आदि की रोकथाम की जा सके। विभागीय टीमें फील्ड में पहुंचकर जल स्त्रोतों की सतत निगरानी भी कर रही हैं।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री मुजीब उल हसन ने नागरिकों से अपील की है कि मानसून के दौरान पानी को उबालकर या छानकर ही उपयोग करें तथा सार्वजनिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखें।

4 लाख रुपए का अनुदान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत खेत पर कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत कृषक के वैध वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा प्रकरण की सूक्ष्म जांच एवं अनुशंसा के आधार पर मृतक कृषक के वैध वारिस को योजना के प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

नि :शुल्क शीतल जल प्याऊ का किया गया सालाना समापन

नवभारत न्यूज
टीकमगढ़।

भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने का कार्य जितना सरल दिखाई देता है, उसे लगातार 18 वर्षों तक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना वास्तव में समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।मानवीय संवेदना समिति द्वारा नया बस स्टैंड स्थित नि:शुल्क शीतल जल प्याऊ का इस वर्ष का समापन समारोह शनिबार को हर्षए उल्लास और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात इतिहासकार डॉ. केपी त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री जनपद पंचायत के सेवानिवृत्त सीईओ विनोद कुमार जैन तथा समाजसेवी, सुरेश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने समिति के 18 वर्षों से निरंतर चल रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृत महिला के वैध वारिस को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जारी आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़, अतिरिक्त तहसीलदार टीकमगढ़ (ग्रामीण मंडल) के प्रतिवेदन एवं पुलिस अभिलेखों के आधार पर प्राप्त प्रकरण का परीक्षण किया गया।

प्रकरण के अनुसार ग्राम रानीपुरा, तहसील मोहनगढ़ निवासी आवेदिका श्रीमती भागवती केवट की माता स्वर्गीय श्रीमती रामरती केवट का 30 दिसंबर 2023 को टीकमगढ़-झांसी रोड स्थित रविन्द्र स्कूल के सामने किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था।

भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचित हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर योजना-2022 के प्रावधानों के तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

मच्छरों से पनप रही घातक बीमारियां

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

प्रशिक्षण | **प्रशिक्षण में 40 महिला सरपंचों ने निभाई सहभागिता**

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रशासन तत्पर

नवभारत न्यूज
पलेरा।

नगर पलेरा में महिला जन प्रतिनिधियों के नेतृत्व कौशल एवं पंचायत संचालन क्षमता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टीकमगढ़ नवीत कुमार धुर्वे के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलेरा अरविन्द कुमार बोरकर के मार्गदर्शन में पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र नौगांव द्वारा जनपद पंचायत पलेरा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत पलेरा की 40 ग्राम पंचायतों की महिला सरपंचों ने सहभागिता की।

प्रशिक्षण के दौरान ग्राम विकास विस्तार अधिकारी दिनेश अहिरवार, ब्लॉक समन्वयक पंचायत राज विवेक अहिरवार, मास्टर ट्रेनर भूपेन्द्र सिंह तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर राजेन्द्र सिंह राय ने विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जेंडर समानता, महिला-पुरुषों के बीच कार्यों के विभाजन, संविधान के 73वें संशोधन तथा स्थानीय स्वशासन में महिलाओं की भूमिका एवं अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। दूसरे दिवस महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने, पंचायती राज व्यवस्था, उसके प्रमुख घटकों तथा ग्राम पंचायत विकास योजना के संबंध में गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को प्रेरक खेल गतिविधियों एवं मूल्य-वृक्ष मानचित्र के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों, ग्राम सभा की कार्यप्रणाली, सामाजिक दायित्वों तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई।

पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने की अपील

समापन अवसर पर जनपद पंचायत पलेरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविन्द कुमार बोरकर ने महिला जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर स्तर पर उनके सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

फसलों को लेकर वैज्ञानिकों की सलाह

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। आगामी पाँच दिनों के दौरान मौसम आंशिक रूप से खुला रहने, कुछ स्थानों पर खंड वर्षा होने तथा आसमान में घने बादल छाए रहने की संभावना को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफफसलों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने की सलाह दी है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जिन किसानों ने अभी तक खरीफ फसलों की बुवाई नहीं की है, वे कम अवधि में तैयार होने वाली उपयुक्त किस्मों का चयन कर शीघ्र बुवाई करें। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं हवा की औसत गति 21 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है।

किसानों को सलाह दी गई है कि जिन खेतों में फसल की बुवाई हो चुकी है, वहां मेड़ों पर उगने वाले खरपतवारों को नष्ट करें, ताकि हानिकारक कीटों को आश्रय न मिल सके।

जिन किसानों की धान की नर्सरी 20 से 25 दिन की हो गई है, वे निचले क्षेत्रों के मुख्य खेतों में रोपाई करें तथा रोपाई से पहले पौधों को 30 मिनट तक एजोटोबैक्टर के घोल में उपचारित करें।